समयबद्व/अतिमहत्वपूर्ण

जिला कार्यक्रम अधिकारी, लखनऊ

पत्रांक C-175/जि0का0अधि0/पी0एल0आई0/2022–23 दिनांक 02 मई 2022

समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी/प्रभारी
जनपद–लखनऊ।

जनपद के अन्तर्गत पात्र आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं आंगनबाडी सहायिकाओं को प्रोत्साहन राशि(पी0एल0आई0) प्रदान किये जाने हेतु पी0एफ0एम0एस0 पोर्टल पर सम्बन्धित कार्यकत्रियों का डाटा फीड किये जाने हेतु आपको पूर्व में कई बार आपको निर्देशित किया जा चुका है, किन्तु पी0एफ0एम0एस0 पोर्टल का अवलोकन करने पर ज्ञात हुआ कि अभी तक माह सितम्बर 2021 में मात्र 119 एवं माह अक्टूबर 2021 में मात्र 8 ही लाभार्थियों की फीडिंग पोर्टल पर की गई है। निदेशालय द्वारा अपने कार्यालय पत्र संख्या सी–70 दिनांक 29.04.2022 के द्वारा पी0एल0आई0 फीड कराने के उपरान्त ही वेतन आहरित किये जाने के निर्देश दिये गये है।

अतः उक्त के क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है दिनांक 05.5.2021 तक अपनी परियोजना अन्तर्गत शतप्रतिशत पी0एल0आई0 डाटा फीड कराते हुए उक्त दिनांक को सांय 4 बजे होने वाली समीक्षा बैठक में फीडिग की सूचना सहित प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगें। यदि निर्धारित तिथि तक पी0एल0आई0 फीड नहीं होता है, तो आपका माह अप्रैल 2022 का वेतन आहरित नही किया जा सकेगा।

उक्त का कड़ाई से अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक–निदेशालय द्वारा प्रेषित पत्र।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
लखनऊ।

पृष्ठांकन संख्या– तद्दिनाक

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
2. जिलाधिकारी, लखनऊ।
3. मुख्य विकास अधिकारी, लखनऊ।
4. कार्यालय प्रति।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
लखनऊ।

Scanned by TapScanner